**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2017-हिं.अ.

दिनांक: 06.09.2017

**विषय: संस्थान में हिंदी पखवाड़े के दौरान स्टाफ वर्ग हेतु आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय एवं नियम व शर्तों संबंधी।**

संस्थान में निदेशक महोदय की अनुमति से दिनांक 01.09.2017 से 15.09.2017 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत संस्थान के स्टाफ सदस्यों हेतु दिनांक 12.09.2017 को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके लिए निम्नानुसार विषय एवं नियम व शर्तें निर्धारित की गई हैं :-

**(क) वाद-विवाद का विषय:** **नोटबंदी***

**(ख) नियम एवं शर्तें**

1. प्रत्येक प्रतिभागी को अपना पक्ष रखने के लिए **3 मिनट** का समय दिया जाएगा। प्रारम्भ के ढ़ाई मिनट बाद एक कम अवधि की घंटी बजेगी तथा उसके **30 सेकेण्ड** के पश्चात् एक लम्बी घंटी बजेगी। इस लंबी घंटी के बजने के बाद प्रतिभागी को अपना कथन समाप्त करना होगा।
2. प्रतिभागी को केवल विषय से संबंधित **पक्ष अथवा विपक्ष** में ही अपना पक्ष रखना होगा।
3. प्रतिभागी को प्रतियोगिता में लिखित रूप से अपना पक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं होगी।
4. प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का निर्णय **अंतिम एवं मान्य** होगा।

06.09.17

(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

**सभी नोटिस बोर्ड।**

**प्रभारी अधिकारी (कंप्यूटर सुविधा) महोदय:** कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।